बरेली । बृहस्पतिवार । 19 सितंबर 2013

अमर उजाला

विद्यार्थियों ने समझे गणित के सूत्र

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी में बुधवार को इन्सपायर इन्टर्नशिप का समापन हो गया। इसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रो. आरआर पंत ने गणित के कुछ जटिल अध्यायों को हल करने के विशेष तरीके बताये। डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने वीडियो द्वारा गणित के इतिहास व विकास से अवगत कराया। गुणा करने के नये तरीकों को भी बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति रहे। समारोह में प्रो. सुभाष मेहरा, प्रो. जेएन साहू, प्राचार्य प्रो. टीडी विष्ट, शैलेन्द्र देवा, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, बीआर दत्ता, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, डॉ. एमएम अब्दुल्ला, डॉ. केके तिवारी एवं संस्थान के शिक्षक और उत्तर प्रदेश के विभिन्न इंटर कालेजों से आये 200 से अधिक ट्रेनी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।